अरुणाचल प्रदेश सरकार
प्राथमिक शिक्षा निदेशालय, ईटानगर
अरुणाचल प्रदेश राजकीय बोर्ड, वार्षिक परीक्षा
सत्र - 2025-26
विषय - हिन्दी
कक्षा - आठवी

समय - 3 घंटे | पूर्णांक - 100
प्राप्तांक - 33

सामान्य निर्देश -
1. इस प्रश्न पत्र में तीन खण्ड है - **क, ख** और **ग**।
2. सभी खण्डों से प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।
3. सभी प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित है।
4. स्वच्छता और स्पष्टता पर ध्यान दें।

खण्ड - क

प्रश्न 1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x5=10)

हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चलें। पन्ना से इसी कंपनी की बस सतना के लिए घंटे भर बाद मिलती है जो जबलपुर की ट्रेन मिला देती है। सुबह घर पहुँच जाएँगे। हम में से दो को सुबह काम पर हाज़िर होना था। इसलिए वापसी का यही रास्ता अपनाना जरूरी था। लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते। क्या रास्ते में डाकू मिलते हैं? नहीं बस डाकिन है।

A.KUMAR S.T.9366088444

क) पाठ तथा लेखक का नाम लिखिए।
ख) दो मित्रों को कहाँ हाज़िर होना था?
ग) यह रास्ता अपनाना क्यों जरूरी था?
घ) लोग इस बस को क्या कहते थे?
ङ) औरत शब्द के लिए गद्यांश से विलोम शब्द चुनकर लिखिए।

प्रश्न 2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x5=5)

सीस पगा न झँगा तन में, प्रभु! जाने को आहि बसे केहि ग्रामा।
धोती फटी - सी लटी दुपटी, अरू पाँय उपानह को नहिं सामा।।
द्वार खड़ो द्विज दुर्बल एक, रह्यो चकिसों बसुधा अभिरामा।
पूछत दीनदयाल को धाम, बतावत आपनो नाम सुदामा।।

क) प्रस्तुत काव्यांश किस पाठ से लिया गया है। तथा इसके कवि कौन है?
ख) किसके तन पर कपड़ा नही है?
ग) सुदामा के पैर मे क्या नही है?
घ) सुदामा किसके बारे में पूछ रहा है?
ङ) सुदामा कहाँ से आया है?

प्रश्न 3.निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक अवतरण की सप्रसंग व्याख्या किजीए। (1x5=5)

क) मैया, कबहि बढ़ैगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहँ है छोटी।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

अथवा

हम दीवानों की क्या हस्ती,
हैं आज यहाँ, कल वहाँ चले,
मस्ती का आलम साथ चला,
हम धूल उड़ाते जहाँ चले।

प्रश्न 4.निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (4x5=20)

क) साइकिल आंदोलन से पडडुकोट्ठई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं?

ख) दोषों का पर्दाफाश करना कब बुरा रूप ले सकता है?

ग) बाज के लिए लहरों ने गीत क्यों गाया था?

घ) बालक कृष्ण किस लोभ के कारण दूध पीने के लिए तैयार हुए?

ङ) यह कठिन समय नहीं है, बताने के लिए कविता में कौन-कौन से तर्क दिए गए हैं?

च) बचपन में बदलू अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था। और बदलू को बदलू मामा न कहकर बदलू काका क्यों कहता था?

प्रश्न 5. नीचे दिए गए शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (1x5=5)

में, तिनका, दयनीय, गारी, गुस्सा

क) लाला .... पीकर पानी पीने लगा।

ख) आवत .... एक है, उलटत होई अनेक।

ग) डर से साँप एक कोने .... सिकुड़ गया।

घ) अभी भी दबा है चिड़िया की चोच में .... ।

ङ) क्षीण चाँदनी में वृक्षों की छाया के नीचे वह बस बड़ी .... लग रही थी।

खण्ड - ख

प्रश्न 6. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों का निबंध लिखिए।

क) स्वच्छ भारत अभियान   ख) मेरा प्रिय त्योहार (1x8=8)

प्रश्न 7. अपने प्रधानाचार्य से अपनी बीमारी के कारण चार दिनों की छुट्टी माँगते हुए एक प्रार्थना पत्र लिखिए। (1x7=7)

अथवा

अपने जन्मदिन का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र राम को पत्र लिखिए।

प्रश्न 8.

क) नीचे लिखे शब्दों के लिंग बदलिए। (1x3=3)

1. बकरा 2. लेखक 3. दास

ख) नीचे लिखे शब्दों के विलोम लिखिए। (1x3=3)

1. ऊँचा 2. धर्म 3. उदय

ग) नीचे लिखे शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। (2x2=4)

1. घर 2. मित्र

घ) नीचे लिखे शब्दों का संधि कीजिए। (1x2=2)

1. सदा + एव 2. पाठ + शाला

ङ) नीचे लिखे शब्दों में से मूल शब्द और उपसर्ग को अलग कीजिए। (1x4=4)

1. पराजय 2. उपवाक्य 3. अपकार 4. विज्ञान

च) नीचे लिखे प्रत्ययों से एक-एक शब्द बनाइए. (1x2=2)

1. आहट 2. वाला

A.KUMAR S.S 9366288484

प्रश्न 9. नीचे लिखे अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए। (1x4=4)

क) जिसका पेट लंबा हो।
ख) जिसका कोई आकार न हो।
ग) जिसके पास धन न हो।
घ) जिसमें दया हो।

प्रश्न 10. निम्नलिखित मुहावरों के दो-दो अर्थ दिए गए हैं सही अर्थ पर (✔) का निशान लगाईए। (1x3=3)

क) दाल में काला होना -

1. दाल काला दिखना 2. कुछ गड़बड़ होना

ख) पेट में चूहे कूदना -

1. बहुत भूख लगना 2. पेट में चूहे का होना

ग) एक और एक ग्यारह -

1. एक + एक ग्यारह होना 2. एकता में बल

खण्ड - ग

प्रश्न 11. दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2x5=10)

क) भारत की खोज किसके द्वारा लिखी गई है?

1. महात्मा गाँधी 2. जवाहारलाल नेहरू

ख) भारत की खोज पुस्तक की रचना कब की गई थी?

1. 1944 2. 1930

ग) कौन सी नदी के नाम पर भारत का नाम इंडिया पड़ा?

1. गंगा 2. इंडस

घ) कुंभ का मेला कहाँ-कहाँ लगता हैं?

1. इलाहाबाद 2. हरिदवार 3. उपयुक्त सभी जगह

ङ) ईसा पूर्व की छठी या सातवी स्ताब्दी में पाणिनी ने व्याकरण कौन सी भाषा में लिखा?

1. पाली 2. संस्कृत

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

क) चाँद बीबी का हत्या किसने की? (1)

ख) चाँद लेखक के क्या याद दिलाता हैं? (1)

ग) किले में रहते हुए नेहरू जी ने कौन सा काम करना आरंभ किया था? (2)

घ) भारत ने कितने वर्षो तक अंग्रेजों का अत्याचार झेला था? (1)

....

A.KUMAR S.T.9366228484